PRESS CLIPPINGS
PUBLIC RELATIONS DEPARTMENT
GURU GOBIND SINGH INDRAPRASTHA UNIVERSITY
SEC-16C, DWARKA, NEW DELHI
Date: 06-11-2026

अमर उजाला

नई दिल्ली | शुक्रवार, 6 नवंबर 2026

डीडीए-विश्वविद्यालय खेल कप में डीटीयू दोनों वर्गों में बना चैंपियन

शिक्षा मंत्री ने 341 स्कूलों को खेल नर्सरी के रूप में विकसित करने की घोषणा की

city sports

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। दिल्ली के सरकारी विश्वविद्यालयों में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए पहली बार आयोजित डीडीए-विश्वविद्यालय खेल कप का बुधवार को दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (डीटीयू) में समापन हुआ। प्रतियोगिता में डीटीयू ने पुरुष और महिला दोनों वर्गों में चैंपियनशिप अपने नाम की। पुरुष वर्ग में गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय (जीजीएसआईपीयू) दूसरे और एनएसयूटी तीसरे स्थान पर रहा। महिला वर्ग में जीजीएसआईपीयू दूसरे और आईजीडीटीयूडब्ल्यू तीसरे स्थान पर रहा।

कबड्डी में डीटीयू ने एनएसयूटी को हराया

प्रतियोगिता के पुरुष कबड्डी फाइनल में डीटीयू ने एनएसयूटी को हराकर स्वर्ण पदक जीता। क्रिकेट पुरुष वर्ग में डीटीयू, महिला वर्ग में आईजीडीटीयूडब्ल्यू विजेता रहा। फुटबॉल के पुरुष और महिला दोनों वर्गों में जीजीएसआईपीयू ने स्वर्ण पदक हासिल किया। बास्केटबॉल के दोनों वर्गों में डीटीयू ने बाजी मारी। कबड्डी महिला वर्ग में जीजीएसआईपीयू विजेता बना। हॉकी के पुरुष और महिला दोनों वर्गों में डीटीयू को विजेता घोषित किया गया। हालांकि, हॉकी में डीटीयू ही एकमात्र पंजीकृत टीम थी। इस मौके पर उपराज्यपाल ने डीटीयू में सिद्धार्थ रिसर्च एंड ट्राइबोलॉजी सेंटर का भी उद्घाटन किया। समारोह में शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने घोषणा की कि दिल्ली सरकार के 341 स्कूलों को खेल नर्सरी के रूप में विकसित करेगी। इसके अलावा चार प्रमुख स्टेडियमों में उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किए जाएंगे। समारोह में डीटीयू के कुलपति प्रो. प्रतीक शर्मा, डीडीए के वरिष्ठ अधिकारी और विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपति मौजूद रहे।

समारोह में उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने कहा कि खेल विद्यार्थियों में अनुशासन, साहस और सामूहिक प्रयास की भावना विकसित करते हैं। प्रतियोगिता की शुरुआत 27 अक्तूबर को डीडीए के रोशनआरा क्लब में हुई थी। 28 अक्तूबर से पांच नवंबर तक डीटीयू में मुकाबले हुए। इसमें आठ सरकारी विश्वविद्यालयों के 592 खिलाड़ियों ने क्रिकेट, फुटबॉल, बास्केटबॉल, कबड्डी और हॉकी में हिस्सा लिया। कुल 46 टीमों ने पदक के लिए मुकाबला किया।

PRESS CLIPPINGS

PUBLIC RELATIONS DEPARTMENT

GURU GOBIND SINGH INDRAPRASTHA UNIVERSITY

SEC-16C, DWARKA, NEW DELHI

Date: 06-11-2026

दैनिक भास्कर | नई दिल्ली
शुक्रवार 6 नवंबर, 2026

एआई के दौर में शोध की नैतिकता पर मंथन

भास्कर न्यूज|नई दिल्ली

आईपी यूनिवर्सिटी (आईपीयू) के अंग्रेजी विभाग में 'रिसर्च मेथोडोलॉजी एंड थ्योरिटिकल पर्सपेक्टिव्स' विषय पर तीन दिवसीय कार्यशाला शुरू हुई। इसमें शोध पद्धतियों के साथ डिजिटल एथिक्स और अकादमिक ईमानदारी पर जोर दिया गया। उद्घाटन सत्र में सीडीएलयू सिरसा के प्रो. पंकज शर्मा ने 'द साइबोर्ग इन द सेमिनार रूम' व्याख्यान के जरिए एआई और डिजिटल ह्यूमैनिटीज के दौर में शोध नैतिकता की अहमियत बताई। जेएनयू के पूर्व प्रो. हरीश नारंग ने साहित्यिक शोध में अकादमिक सत्यनिष्ठा और जिम्मेदा [illegible]को जरूरी बताया। डॉ. चेतना ने शोध में मौलिकता और नैतिक सीमाओं के पालन पर जोर दिया।